Euroopan unionin osarahoittama

MANNERHEIMIN LASTENSUOJELULIITON Uudenmaan piiri

uudenmaanpiiri.mll.fi/rohkee

ROHKEE!

रोहके!(हिम्मत करो!) यूरोपीय संघ के शरण, आप्रवासन और एकीकरण कोष (एएमआईएफ) द्वारा वित्तपोषित, मानरहाइम बाल संरक्षण संघ के ऊसीमा जिले की दो वर्ष की परियोजना है।
परियोजना का लक्ष्य वर्ग 9-18 आयु के तीसरे देशों से बच्चे और युवा हैं जो युद्ध और संकटग्रस्त क्षेत्रों से हेलसिंकी और वांता क्षेत्र में आए हैं।

यह परियोजना बच्चों और युवाओं को उनकी अपनी मातृभाषा में कई अलग-अलग तरीकों से सहायता प्रदान करती है:

- सदमे का अनुभव करने वाले बच्चों और युवाओं के लिए टीआरटी समूह (शिक्षण पुनः प्राप्ति तकनीक)। पाठ्यक्रम की अवधि पांच सप्ताह (5x2 घंटे) है। यह छात्र के स्कूल दिवस के दौरान किया जाता है और इससे विल्मा पर अनुपस्थिति का चिह्न नहीं पड़ता है।
- हिम्मत करो! - ऐसे समूह जो बसने, मित्र ढूंढने और शौक पूरे करने का समर्थन करते हैं। यह अवधि आठ सप्ताह है। पाठशाला के समय के बाहर लागू किया जायेगा (8x2.5 घंटे)
- बच्चे और युवाओं ओं की आवश्यकताओं के अनुसार मनोसामाजिक व्यक्तिगत सहायता (स्कूल के घंटों के दौरान लागू, विल्मा में अनुपस्थिति का निशान नहीं बनता है)
- अध्ययन-संबंधी मार्गदर्शन और व्यक्तिगत समर्थन (स्कूल के घंटों के दौरान लागू किया जाता है, विल्मा पर अनुपस्थिति का चिह्न नहीं पड़ता है।)

इसके अलावा, सप्ताह में शौक पूरे करने के लिए तीन समूह हैं:

- 12-17 वर्ष के बच्चों के लिए कोरिया पॉप नृत्य मंडली (पासिला, हेलसिंकी)
- 9-12 साल के लिए अरबी भाषाई लड़कियों का ग्रुप (कल्लाहती/वुओसारी, हेलसिंकी)
- मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए फिनिश भाषा वाला भाषाई कैफेटेरिया (पासिला, हेलसिंकी और तिक्कुरिला, वांता)

हिम्मत करो! -परियोजना का हर काम काज भाग लेने वालों के लिए निःशुल्क है।

Euroopan unionin osarahoittama

MLL MANNERHEIMIN LASTENSUOJELULIITON Uudenmaan piiri

uudenmaanpiiri.mll.fi/rohkee

ROHKEE!

टीआरटी क्या है?

परियोजना में प्रयोग किये जाने वाली टीआरटी (शिक्षण पुनर्प्राप्ति तकनीक) विधि सदमे से अवगत बच्चों और युवाओं एवंम उनके माता-पिता के लिए निवारक मानसिक स्वास्थ्य कार्य का एक सामूहिक हस्तक्षेप है।
यह विधि संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के आघात-केंद्रित मॉडल पर आधारित है। यह हस्तक्षेप प्राकृतिक आपदा और युद्ध के सदमे से प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य लाभ और बचे रहने में आघात के संपर्क में आने पर उसके प्रभावों और उन्हें कम करने और नियंत्रण में रखने के तरीकों के बारे में जानकारी सिखा कर सहायता करता है।

हिम्मत करो! अध्ययन मार्गों का समर्थन करता है

हिम्मत करो! यह परियोजना तीसरे देशों के प्रवासियों के सीखने के मार्ग की सुगमता का समर्थन करती है और एक स्कूली स्तर से दूसरे तक पहुँचने के लिए और पढ़ाई पूरी करने को बढ़ावा देती है।
सामूहिक गतिविधियाँ और व्यक्तिगत समर्थन जो बच्चों और युवाओं की कार्य करने की क्षमता और स्कूल में सफलता के समर्थन द्वारा सीखने और पढ़ाई के संयुक्त चरणों की सहजता को बढ़ावा दिया जाता है।
सदमे और संकट से गुजरने के लिए सुरक्षित वातावरण में तीव्र सहायता प्रदान करके कार्य करने की क्षमता का समर्थन किया जाता है, इस प्रकार बच्चों और युवाओं में नई चीजें सीखने की तत्परता और आगे की पढ़ाई के संदर्भ में अपनी संभावनाओं को देखने का बढ़ावा मिलता है।

Euroopan unionin osarahoittama

MLL MANNERHEIMIN LASTENSUOJELULIITON *Uudenmaan piiri*

uudenmaanpiiri.mll.fi/rohkee

ROHKEE!

हिम्मत करो! परियोजना के लक्ष्य

-परियोजना का लक्ष्य यह है कि गतिविधि में भाग लेने वाले अधिकांश बच्चे और युवा महसूस करें कि उन्हें स्कूल जाने में समर्थन मिला है और उनकी स्कूल की सफलता में सुधार हो, बच्चे और युवा अपनी ताकत और आगे की पढ़ाई की विभिन्न संभावनाओं को देखना सीख सकें - बच्चे और युवा अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

-तीसरे देशों से स्थानांतरित होने वाले छात्रों की पढ़ाई छूट जाने की दर में कमी आई है, और तीसरे देशों से आने वाले विद्यार्थियों का एक कक्षा से अगली कक्षा जाने में सुधार हुआ है। आज कल प्रवासी परिवारों के अधिकतर बच्चे महाविद्यालय जा रहे हैं। इसके अलावा, सीखने और भलाई संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों और युवाओं की बेहतर पहचान की जा सकती है और उन्हें उस स्थिति में सहारा मिलता है।

क्या आप इच्छुक हैं?

- अगला टीआरटी समूह जनवरी 2025 और अप्रैल 2025 में शुरू होगा
- अगला रोहके! -समूह जनवरी 2025 और मार्च 2025 में शुरू होंगेहों गे
- पढ़ाई से संबंधित व्यक्तिगत सहयोग लगातार उपलब्ध है। यदि आप बसंत 2025 में आगे की पढ़ाई के लिए संयुक्त आवेदन कर रहे हैं, तो कृपया हमसे तुरंत संपर्क करें!

आप हमसे सीधे संपर्क कर सकते हैं:

यदि आवश्यक हो, तो आप हमें अपनी मातृ भाषा में एक ईमेल या व्हाट्सएप पर एक वॉइस मेल भी भेज सकते हैं, और हम आपसे संपर्क करेंगे।=फड़=

कातरी कुइक्का (फिनिश, अंग्रेजी और फ्रैंच)
प्रोजेक्ट मैनेजर,
p. + 358 44 76 58 581
katri.kuikka@mll.fi

रीम सुलेमान (अरबी, फिनिश, अंग्रेजी)
कोऑर्डिनेटर,
p. +358 44 4915709
reem.suliman@mll.fi

ओल्हा मुरावित्स्का (यूक्रेनी, रूसी, अंग्रेजी)
कोऑर्डिनेटर,
p. + 358 044 5005 395
olha.muravytska@mll.fi